APRIL – 2024 (Jan. - Mar. 2024)
Vol. SHQ-BSGUP -012

# BHARAT SCOUT & GUIDE
## UTTAR PRADESH

# "तेजल"
त्रैमासिक पत्रिका










State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! प्रादेशिक अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! प्रादेशिक मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
भूतपूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH
APRIL – 2024 (Jan. - Mar. 2024)
Vol. SHQ-BSGUP -012

## संपादक मण्डल

**संरक्षक**
डॉ० महेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**मुख्य सम्पादक**
डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**सलाहकार**
ललिता प्रदीप
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

डॉ० राजेश मिश्रा
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

आलोक कुमार अग्रवाल
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**सम्पादक**
आनन्द सिंह रावत
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**डिज़ाइन एवं तकनीक**
अदनान हाशमी
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**"The most worth-while thing is to try to put happiness into the lives of others."**

***- Lord Robert Baden-Powell***



## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖राष्ट्रीय /अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम - 3
❖प्रादेशिक कार्यक्रम - 4
❖प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत - 09
❖प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज - 10
❖जनपदीय कार्यक्रम - 11
❖विश्वविद्यालय जनपद कार्यक्रम - 29
❖आई० टी० विभाग - 30
❖बी०एस०जी० ज्ञान क्विज़ - 31
❖विज्ञापन - 33



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...



**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**

प्रिय साथियों,

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, नित निरन्तर नये आयाम तक पहुँच रहा है। इसके लिए प्रत्येक यूनिट से लेकर जिला संस्थाओं के पदाधिकारियों का अद्‌भुत प्रयास है। अब तक की अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए प्रदेश एवं जिला संस्थाओं के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र है। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की दिनोदिन प्रगति के क्रम में एडवेंचर एक्टिविटीज केन्द्र, तथा प्रकृति की गोद में बना आधुनिक सुख सुविधाों से युक्त शीतलाखेत प्रशिक्षण केन्द्र आपके सहयोग व प्रयास की ही देन है। हम प्रयासरत है कि प्रादेशिक संस्था प्रदेश के सभी बालक एवं बालिकाओं के बौद्विक, शारीरिक, चारित्रिक, भावनात्मक तथा सामाजिक विकास में एक अग्रणी भूमिका अदा करे एवं इसी क्रम में विगत कुछ समय मे नये–नये अभिनव एवं तकनीकी प्रयास भी किए गए है।

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों के प्रयास से बी0एस0जी0 सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट रैली, एवं वन डिस्ट्रिक वन एक्टिविटी, आदि नये कार्यक्रम लगभग संस्थागत रूप ले चुके है। आप सभी के प्रयास से ही 'तेजल'' पत्रिका, एक पत्रिका न होकर एक Idea बन चुकी है। ''तेजल'' रूपी दर्पण में आपकी जिला संस्थाओं का प्रतिबिम्ब झलकता है तथा आपकी आभा ''तेजल'' में फलीभूत होती है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश की त्रैमासिक पत्रिका ''तेजल'' का यह अंक सभी के लिए रूचिकर तथा ज्ञानवर्धक होगा। आप सभी से अनुरोध है कि प्रत्येक माह की अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों का विवरण, फोटोग्राफ्स सहित प्रादेशिक मुख्यालय की ई मेल –**ltbsgup@gmail.com** पर भेजना सुनिश्चित करें, जिससे उन्हें संकलित कर हर तीसरे माह प्रकाशित होने वाली पत्रिका''तेजल'' में स्थान दिया जा सके। तेजल पत्रिका को और अधिक सार्थक बनाने हेतु आपके सुझावों का सदैव स्वागत है।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

**डॉ० प्रभात कुमार**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

# राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

## 12 जनवरी "युवा दिवस"

भारत स्काउट और गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में दिनांक 12 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती धूमधाम से मनायी गई। जिसमें विभिन्न राज्यो के साथ-साथ उत्तर-प्रदेश की टीम ने माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशन से सक्रिय सहभागिता कर नाम रोशन किया। उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के 24 स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर, यूनिट लीडर ने सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा जी के मार्गदर्शन में किया। "युवा दिवस" के उपलक्ष्य में एक रूट मार्च निकाला गया तथा पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, इन प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश से भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गगन (बागपत), द्वितीय स्थान आशुतोष (मुजफ्फरनगर) तथा तृतीय स्थान मोना खान (मेरठ) साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पिंकू (मुजफ्फरनगर) ने प्राप्त कर वैभवशाली प्रदर्शन किया। टीम का नेतृत्व श्री अमित कुमार, श्री अनुज कुमार, कु० ज्योति, कु० नैना रानी ने किया। प्रतिभागियों को प्रादेशिक सचिव श्री आनंद सिंह रावत जी, जिला मुख्यायुक्त मुजफ्फरनगर डॉ० कंचन प्रभा शुक्ला जी, जिला आयुक्त स्काउट श्री विजय शर्मा जी, जिला आयुक्त (गाइड) डॉ० राजेश कुमारी जी, जिला सचिव श्रीमति लक्ष्मी अरोरा जी, जिला कोषाध्यक्ष श्री सुनील शर्मा जी, जिला संगठन आयुक्त श्री भारत भूषण अरोरा जी, श्रीमती प्रभा दहिया जी आदि ने बधाई दीं।




## Empowering Leaders, Inspiring Future for her World Guide Conference 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश से दिनांक 14 से 18 मार्च 2024 की अवधि में वर्ड गाइड सेंटर संगम पुणे में Empowering Leaders, Inspiring Future for her World Guide Conference 2024 में 5 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया| जिसमे श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव, प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड), सुश्री पूनम सन्धू, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड), श्रीमती साधना शर्मा, श्रीमती निरुपमा बाजपई, श्रीमती गीता कुमारी ने प्रतिभाग किया | इस कांफ्रेंस में देश के 11 राज्यों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। समापन के अवसर पर प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव द्वारा कांफ्रेंस लीडर ऑफ़ द कोर्स एवं ज्वाइन डायरेक्टर श्रीमती दर्शना पावसकर, राष्ट्रीय मुख्यालय वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती गीता नटराजन, श्रीमती मीनाक्षी, वर्ल्ड गाइड सेंटर मैनेजर, श्रीमती निर्मला प्रोग्राम ऑफिसर संगम को उत्तर प्रदेश प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान किया गया।





# प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

## साहसिक क्रिया कलाप शिविर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय महानगर, लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 16 जनवरी 2024 से प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशन में प्रथम बार प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में एडवेंचर कैम्प का भव्य शुभारंभ किया गया। दिनांक 16 से 20 जनवरी 2024 तक चलने वाले इस एडवेंचर कैंप में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के प्रतिभागियों ने साहसिक क्रिया-कलापो में प्रतिभाग किया।



## 26 जनवरी 2024 – संस्था की झांकी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था द्वारा 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधान सभा लखनऊ के समक्ष झाँकी परेड में “दिव्य-कुम्भ भव्य-कुम्भ 2025 भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश नये आयाम की ओर...” थीम पर आधारित झाँकी मा० प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ० महेन्द्र सिंह जी और मा० प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी की प्रेरणा से संस्था ने अपनी भव्य झांकी का प्रदर्शन किया। झाँकी में कुम्भ मेले में संस्था द्वारा किये जाने वाले सेवा कार्यो और स्काउट गाइड की गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। अतिथियों और दर्शकों को झाँकी की भव्यता मोहित कर रही थी।




विडियो देखने के लिए QR कोड को स्कैन करें|

## ट्रेनर्स मीट /आनरेबुल चार्ज एवं पार्चमेन्ट वितरण कार्यक्रम व बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता 2022-23 पुरस्कार वितरण

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के तत्वाधान में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशन में दिनांक 18 फरवरी 2024 को सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर लखनऊ में ट्रेनर्स मीट /आनरेबुल चार्ज एवं पार्चमेन्ट वितरण कार्यक्रम व बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता 2022-23 पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार और प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) राजेश कुमार मिश्रा द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्रादेशिक संस्था के पदाधिकारियों सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न लीडर ट्रेनर /सहायक लीडर ट्रेनर, हिमालय वुड बैज होल्डर और बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी उपस्थित रहे।




## चिंतन दिवस (बी०एस०जी० ज्ञान क्विज का शुभारम्भ )

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के तत्वाधान में स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट बेडेन पॉवेल और लेडी बेडेन पॉवेल का जन्मदिन 22 फरवरी 2024 को विश्व चिंतन दिवस के रूप में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर-प्रदेश के सभी जिला संस्थाओ व प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ तथा बेडेन पॉवेल एवं लेडी बेडेन पॉवेल के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया। विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी द्वारा वर्चुअल तरीके से साप्ताहिक बी०एस०जी० ज्ञान क्वीज़ 2024 का शुभारम्भ किया गया| जो प्रत्येक गुरूवार को समय सायं 4 बजे से ऑनलाइन प्रादेशिक संस्था के ऑफिसियल YouTube चैनल BSGUP Official पर प्रसारित की जाएगी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें चिंतन दिवस में यह मनन करना चाहिए कि हम कैसे अपने आपको एक अच्छा व आदर्श नागरिक बना सकें, जो देश को शक्ति-सम्पन्न, समृद्ध, सुखी, शांत व संगठित बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकें। उन्होंने बताया कि स्काउट और गाइड को बढ़ावा देने के लिए हमनें एक बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता तीन वर्ष पूर्व प्रारम्भ की थी जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं, युवा- युवतियाँ में स्काउट /गाइड के ज्ञान को प्रचार-प्रसार करना था, आगामी बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों के पास प्रश्नों का एक संग्रह हो इसके लिए हमनें सोचा कि प्रति सप्ताह क्यों न एक ज्ञान क्विज़ करें, इससे तो एक ओर उनमें इस तरीके के क्विज में भाग लेने व उसमें जवाब देने के प्रति उनमें तत्परता आएगी तथा एक रूचि उत्पन्न होगी। इसी कड़ी में हम क्विज पुनः प्रारंभ कर रहे है इसे बृहद स्तर तक चलाने की योजना हैं| इसके जो विजेता होगें उन्हें सर्टिफिकेट व उपहार द्वारा सम्मानित किया जायेगा, एवं उन्होंने आह्वान किया कि अधिक से अधिक बच्चे, युवा, बालक-बालिकायें इस कार्यक्रम से जुड़े, जिससे इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूरा हो सके।




## बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर /रोवर लीडर * मेम्बरशिप ग्रोथ

भारत स्काउट और गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वाधान में दिनांक 11 से 17 मार्च 2024 को प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर /रोवर लीडर कोर्स का आयोजन किया गया। शिविर श्री अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) के देख-रेख में संपन्न हुए और श्री अकबर अली, श्री अदनान हाशमी, श्री कमलेश द्विवेदी, श्री शिव प्रताप ने सहयोग प्रदान किया |



## एडवान्स कोर्स फॉर कब मास्टर /रोवर लीडर *मेम्बरशिप ग्रोथ

भारत स्काउट और गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वाधान में दिनांक 11 से 17 मार्च 2024 को प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में एडवान्स कोर्स फॉर कब मास्टर /रोवर लीडर कोर्स का आयोजन किया गया। शिविर श्री अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) के देख-रेख में संपन्न हुए और श्री हरीश चन्द्र श्रीवास्तव, श्री प्रमोद कुमार दुबे, श्री अवधेश यादव, श्री मो० सादिक ने सहयोग प्रदान किया|



## प्रादेशिक रोवर रेंजर समागम 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में जनपद बागपत के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध दिगंबर जैन कॉलेज, बड़ौत में आयोजित 30वें प्रादेशिक रोवर्स-रेंजर्स समागम-का आयोजन दिनांक 11 से 13 मार्च 2024 की अवधि में संपन्न हुआ | इस अवसर पर रोवर-रेंजर द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया | कैम्प फायर के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाया| समागम के द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी एवं विशिष्ट अतिथि प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) श्री राजेश मिश्रा जी ने माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किये और समागम को संबोधित किया एवं रोवर्स-रेंजर्स को आशीर्वाद व उनके उज्वल भविष्य की कमाना की। प्रादेशिक मुख्यायुक्त जी ने स्काउटिंग/गाइडिंग एवं आगामी रोवर्स-रेंजर्स समागम को और अधिक भव्य व बेहतर बनाने हेतु लोगो से (ईमेल- upscoutsguides@yahoo.com व bsgup.org@gmail.com पर) सुझाव माँगे है।



## प्रथम प्रादेशिक सर्वोत्तम कैडेट रैली – 2024

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के तत्वाधान में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन में स्काउटिंग /गाइडिंग की गतिविधियों को और अधिक तीव्रता से बढ़ावा देने के प्रयास से एक नये कार्यक्रम के साथ भारत स्काउट और गाइड, उत्तर-प्रदेश पहली बार "प्रथम प्रादेशिक सर्वोत्तम कैडेट रैली 2023-24" का आयोजन प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज में दिनांक 28 से 30 मार्च 2024 तक आयोजित की गई । इस प्रथम प्रादेशिक सर्वोत्तम कैडेट रैली में मेरठ, हापुड़, गाज़ियाबाद, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, आगरा, शाहजहांपुर, गोरखपुर, बस्ती, वाराणसी, अम्बेडकरनगर, मिर्जापुर, देवरिया, मैनपुरी, हमीरपुर, गाजीपुर, कुशीनगर, प्रयागराज, महोबा, चित्रकूट, बाँदा, बदायूँ, चंदौली जनपद के कब 12, बुलबुल 12, स्काउट 38, गाइड 33, रोवर 22, रेंजर 17 कुल 134 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। रैली के दूसरे दिन प्रादेशिक आयुक्त गाइड श्रीमती ललिता प्रदीप जी एवं उप निदेशक (गर्ल प्रोगाम), राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली श्रीमती सुरेखा श्रीवास्तव जी ने निरिक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये।



## शहीद दिवस कार्यक्रम

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 30 जनवरी 2024 को शहीद स्मारक में ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु उत्तर-प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा राष्ट्रपिता की मूर्ति के समक्ष शहीद स्तंभ पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम स्थल पर बापूजी के प्रिय भजन एवं राम धुन, नाम धुन के पश्चात गोमती नदी में दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त कार्यक्रम में निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था के 10 स्काउट 10 गाइड को आमन्त्रित किया गया | प्रादेशिक मुख्यालय से संयुक्त सचिव श्रीमती देवकी शोभित एवं सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर पूनम संधू ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।





# एक झलक ...
## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत



### Admin Block




### Kitchen +Dining Block +Multi Purpose Hall



### Care Taker Block



### Hostel Block







### Toilet Block



**एक झलक ...**

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण

















## जनपदीय कार्यक्रम

## मण्डल – बस्ती

### जनपद – बस्ती

भारत स्काउट और गाइड उत्तर-प्रदेश जनपद बस्ती के तत्वाधान में दिनांक 15 मार्च 2024 में सर्वोत्तम कैडेट रैली का उद्घाटन जिला आयुक्त (गाइड) नीलम सिंह ने स्काउट भवन परिसर में किया। प्राथमिक विद्यालय अहरा बनकटी, प्राथमिक विद्यालय मूसहा प्रथम गौर ब्लाक के कब बुलबुल की टीमों ने, झिनकू लाल त्रिवेदी राम चौधरी इंटर कॉलेज कलवारी, विजय प्रताप इंटर कॉलेज महसों, किसान इंटर कॉलेज भानपुर, जीआरएस इंटर कॉलेज बस्ती, श्रीमती कृष्णा कुमारी पांडेय गर्ल्स इंटर कॉलेज, बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज की स्काउट गाइड के टीमों ने गाँठ बंधन, गैजेट, कैम्प फायर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। सभी संवर्गों में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कैडेट्स को प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट राकेश कुमार सैनी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सत्या पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) कुलदीप सिंह, सहायक लीडर ट्रेनर भूपेश कुमार सिंह, सहायक लीडर ट्रेनर अमर चन्द्र वर्मा, सहायक लीडर ट्रेनर किरन देवी, जिला संगठन आयुक्त(स्काउट) प्रताप शंकर पाण्डेय, संगीता प्रजापति, अजय कुमार वर्मा, महेश कुमार, राम सजन यादव, जगदीश प्रसाद, राम शरण, राजेश पाण्डेय, रीता मौर्य, आदर्श मिश्रा, मनसा, जया, नितिका, भारती, अलका पाण्डेय, प्रमोद कुमार, विजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।







### जनपद – सिद्धार्थनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में प्रगतिशील प्रशिक्षण तृतीय सोपान जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसके के दौरान वृहद शिविर आयोजन में मुख्य अतिथि जिले के वित्त एवं लेखाधिकारी निलोत्तम चौबे जी रहे। इस अवसर पर श्री चौबे जी ने कहा कि स्काउट और गाइड अनुशासन के साथ साथ सभी वर्गों, धर्मो का सम्मान करना सिखाता है। तथा शिविर में प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, दिशाओं का ज्ञान, रात्रि खेल, 8 किलो मीटर पैदल हाइक, पिनियरिंग, सिगलिंग, पाक कला, संचार, ज्ञानेंद्रिय परीक्षण और कंपास आदि विषय की जानकारी दी गई।

### जनपद – संतकबीर नगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था संतकबीर नगर के तत्वाधान में दिनांक 16 मार्च 2024 को हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के स्काउट मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थलों पर मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखने का अभियान शुरू किया। इस अभियान में आदर्श त्रिपाठी श्लोक सिंह नितिन निषाद निर्मल कुमार अमन यादव दिवाकर यादव आर्यन गुप्ता आदि स्काउट शहर के प्रमुख स्थलों पर मतदान के लिए प्रेरक स्लोगन को लिखने का कार्य किया। यह कार्यक्रम लगातार तीन दिनों तक कलेक्ट्रेट मुख्य विकास भवन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय एवं कचहरी परिषद तक चलेगा जिला सचिव रवि प्रकाश श्रीवास्तव के अनुसार जागरूकता का कार्यक्रम विगत वर्षों में भी चुनाव के दौरान किया गया था। और यह कार्यक्रम स्काउट गाइड ने पुनः शुरू कर दिया है।





## मण्डल – देवीपाटन

### जनपद – बहराइच

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बहराइच के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2024 दिन बृहस्पतिवार को प्रादेशिक मुख्यायुक्त के आदेशानुसार सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त देवीपाटन मंडल के निर्देशानुसार हैवेंस गार्डेन मॉडल इंग्लिश मीडियम स्कूल जरवल क़स्बा बहराइच में लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के जन्म दिवस को चिंतन दिवस के रूप में बहुत ही धूम धाम से मनाया गया।





### जनपद – बलरामपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बलरामपुर के तत्वावधान में दिनांक 02 मार्च से 6 मार्च 2024 तक प्रवेश निपुण जांच शिविर का आयोजन एम०एल०के० पी०जी० कॉलेज बलरामपुर में आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० जे०पी० पांडे ने ध्वजारोहण कर किया| जांच शिविर में 24 रोवर 24 रेंजर ने प्रतिभाग किया शिविर समापन के अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) अवनीश कुमार शुक्ल, जिला मुख्यायुक्त गोविंद राम, जिला सचिव मोहिउद्दीन अहमद सिद्दीकी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सिराजुल हक, तथा महाविद्यालय के रोवर-रेंजर प्रभारी उपस्थित रहे।



### जनपद – श्रवास्ती



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था श्रावस्ती में जिला मुख्यायुक्त डॉ० भूदेश्वर पाण्डेय, के निर्देशन में दिनांक 27 से 31 जनवरी 2024 को सत्य नारायण उच्च शिक्षा संस्थान तुलसीपुर के प्रागंण में पांच दिवसीय डी०एल०एड० अनिवार्य स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर समपन्न हुआ। शिविर में ध्वज शिष्टाचार संस्थान के प्राचार्य सर्वजीत वर्मा जी ने किया | तथा शिविर में ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, झण्डा गीत, नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, स्काउटिंग गाइडिंग का इतिहास, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना, आयु के अनुसार वर्गीकरण, प्रगतिशील प्रशिक्षण, प्रथमिक चिकित्सा, बिना बर्तन भोजन सेल्यूटिंग रिपोर्टिंग, तम्बू निर्माण, विभिन्न प्रकार की तालियां, हाइकिंग, कैम्प फायर, कम संसाधन में जीवन जीने की कला आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई| इस अवसर पर सामूहिक भोजन के बाद स्काउट गाइड को दीक्षा दी गई, इस अवसर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) देवीपाटन मण्डल श्री अवनीश कुमार शुक्ल, जिला आयुक्त (स्काउट) श्री पवन कुमार सिंह बौद्ध, जिला आयुक्त (गाइड) डॉ० भावना तेवतिया, जिला सचिव डॉ० प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष श्री मुन्ना लाल यादव जी तथा शिविर संचालक रोहित पाण्डेय जिला संगठन आयुक्त स्काउट, कायमा इस्लाम, रवि प्रताप, राम दीन यादव, जीवन लाल वर्मा, रवि चौधरी, उमा मिश्रा, पवन मिश्रा, सालिक राम, विनोद वर्मा, वीरेंद्र,विनोद वर्मा, संतोष यादव आदि लोग उपस्थित रहे।





# मण्डल – बरेली

## जनपद – बरेली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बरेली में दिनाँक 05 फरवरी 2024 को डॉ० हरि ओम मिश्र को प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा दूसरी बार जिला मुख्यायुक्त के पद पर नियुक्त होने पर तिलक इंटर कॉलेज बरेली में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री सितारा त्यागी द्वारा डॉ० हरि ओम मिश्र जी को अधिकार-पत्र प्रदान किया गया। इससे पूर्व जिला आयुक्त डॉ० एस०पी० पाण्डेय, श्रीमती अनु पाराशरी जिला आयुक्त (गाइड), जिला सचिव डॉ० रविशरण सिंह चौहान, श्री हरीलाल शर्मा, डॉ० पुष्पकान्त शर्मा जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), श्री गौरव पाठक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), श्री शिवेंद्र पाराशरी द्वारा डॉ० हरि ओम मिश्र को बुफे, स्कार्फ, बैज एवं फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया गया ।



## जनपद – शाहजहाँपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद शाहजहांपुर के तत्वाधान में दिनांक 21 मार्च 2024 को डॉ० सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज में बी०एस०जी ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें जनपद के आर्य कन्या इंटर कॉलेज, धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, डॉ० सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज, पुवाया इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, ए०बी० रिच इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज , रामदत्त पंचायत इंटर कॉलेज भावल खेड़ा आदि के लगभग 80 स्काउट /गाइड ने प्रतिभाग किया। परीक्षा को संपन्न कराने में कॉलेज स्टाफ के साथ प्रधानाचार्या डॉ० राखी मिश्रा, जिला सचिव डॉ० अमीर सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) करूण कुमार पांडे, गाइडर प्रतिनिधि रीतू अरोड़ा आदि का योगदान रहा, इस अवसर पर स्काउट / गाइड संरक्षक पूर्व जिला मुख्य आयुक्त संतोष कुमार पांडे ने सभी प्रतिभागियों को सफलता हेतु आशीर्वाद दिया।





## जनपद –बदायूं

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बदायूं के तत्वाधानमें स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर 12 फरवरी से चल रहे सात दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर /बेसिक गाइड कैप्टन के प्रशिक्षण शिविर का समापन सर्वधर्म प्रार्थना के साथ 18 फरवरी 2024 को हुआ। स्काउट संस्था के जिलाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि युवा स्काउटिंग कला सीखकर देश की वर्तमान समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। इसके साथ ही बुलंदी का मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) नेहा कटियार ने कहा कि स्काउटिंग बच्चों को संस्कार प्रदान कर श्रेष्ठ नागरिक के रूप में तैयार करती है। पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युवाओं के शब्दकोश में असंभव शब्द नहीं। हर चुनौती को स्वीकार करने की अद्भुत क्षमता युवाओं में ही होती है। स्काउट संस्था के कोषाध्यक्ष विनोद सक्सेना ने शिविर का निरीक्षण किया। लीडर ऑफ़ दी कोर्स (स्काउट) डॉ० राजीव वार्ष्णेय, लीडर ऑफ़ दी कोर्स (गाइड) वंदना श्रीवास्तव, प्रशिक्षक लक्ष्मी सिंह, काउंसलर मोहित कुमार ने बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन को प्राकृतिक आपदाओं में स्वयं को तैयार रखने की ट्रेनिंग दी। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) मो० असरार और जिला प्रशिक्षण आयुक्त(स्काउट) सत्यपाल गुप्ता ने टेंट बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण शिविर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी, बौद्ध आदि धर्म के अनुयायियों ने विश्व शांति और लोकमंगल की कामना से प्रार्थना की। इस मौके पर मुकेश बाबू शर्मा, मनोज कुमार सिंह, सुधा मिश्रा, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।



## जनपद – पीलीभीत

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था पीलीभीत के द्वारा दिनाँक 14 जनवरी 2024 को मकर संक्रांति के अवसर पर स्काउट भवन पीलीभीत पर विशाल हवन और खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्काउट गाइड द्वारा माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना तथा हवन आहुति के बाद खिचड़ी भोज का आयोजन किया, जिसमें आए हुए समस्त अतिथियों के साथ कीर्तन का कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ० अस्था अग्रवाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, अभिषेक सिंह गोल्डी, अंशुमन तिवारी, सह-सचिव शिवम कश्यप, आजीवन सदस्य अनीता मिश्रा, स्काउट मास्टर श्री गोपाल, जिला स्काउट मास्टर बेसिक वीर सिंह आदि शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडे, जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे, ट्रेनिंग काउंसलर योगेश मौर्य, नवनीत मिश्रा, अभिषेक प्रजापति, मनोज राना, श्रुति शर्मा, सचिन पटेल, रोहित मौर्य, कश्फ़ी, नितिन, हेमंत, केशव, नेहा गंगवार, तन्या राना, अंशु, सौम्या अविरल आदि का सहयोग प्रदान हुआ।



## मण्डल – सहारनपुर

## जनपद – मुजफ्फरनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष /जिलाधिकारी श्री अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी के संरक्षण व दिशा निर्देशों के अंतर्गत, जिला विद्यालय निरीक्षक/उपाध्यक्ष डॉ० धर्मेंद्र शर्मा जी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा, जिला मुख्यायुक्त डॉ० कंचन प्रभा शुक्ला जी के मार्गदर्शन में दिनांक 25 जनवरी 2024 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नुमाइश मैदान में प्रशासन द्वारा एक मेले का आयोजन किया गया। मेले में ज़िला संस्था को भी अपना एक पंडाल (प्रदर्शनी) लगाने का मौका का मिला जिसमें विभिन्न विद्यालयों स्काउट/गाइड, रोवर/ रेंजर ने अपनी हस्तकला का प्रदर्शन किया| और विभिन्न तरह की पेंटिंग, गुलदस्ते, माला, विभिन्न पायनियरिंग प्रोजेक्ट गेट, सस्पेंशन ब्रिज, लेदर ब्रिज, ट्रिएंगल टावर, आदि प्रकार के गैजेट का निर्माण कर उनके उपयोग के बारे में लोगो को जानकारी दिया।




## जनपद – शामली



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद शामली के तत्वाधान में श्री विनय कुमार तिवारी जी मुख्य विकास अधिकारी, शामली को भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था शामली के विकास एवं संस्था के हित को दृष्टिगत रखते हुए जिला मुख्यायुक्त के पद पर नियुक्त किया। मुख्य विकास अधिकारी /जिला मुख्यायुक्त को सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा जी के साथ जिला सचिव डॉ० हीरा सिंह जी, जिला संगठन आयुक्त श्री सुरेश कुमार जी एवं श्रीमती गीता देवी, आई०टी० कोऑर्डिनेटर श्री कपिल कुमार ने शुभकामनायें प्रदान करते हुये विकास भवन शामली में नियुक्ति पत्र प्रदान किया तथा गतिविधियों को विधिवत संचालित करने हेतु विचार विमर्श किया।

## जनपद – सहारनपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद सहारनपुर में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के मार्गदर्शन एवं प्रादेशिक मुख्यालय के निर्देशानुसार तथा जिलाधिकारी /अध्यक्ष डॉ० दिनेश चन्द्र जी एवं मुख्य विकास अधिकारी/ जिला मुख्यायुक्त श्री सुमित राजेश महाजन जी के सानिध्य में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सहारनपुर में दिनांक 17 जनवरी 2024 को स्काउट/ गाइड शिक्षकों के लिए बिगिनर्स कोर्स का विधिवत आयोजन किया गया। कोर्स का शुभारंभ स्काउट /गाइड प्रार्थना के साथ हुआ। जिसमें जिले के 24 स्काउटर एवं 20 गाइडर सहित कुल 44 लोगों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षक मण्डल सहायक लीडर ट्रेनर श्री राजपाल सिंह पुंडीर जी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री अनिल कुमार भारद्वाज जी, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) उषा तोमर जी के द्वारा विद्यालय में यूनिट का गठन, संचालन, स्काउटिंग /गाइडिंग का इतिहास, संगठन की जानकारी, नियम, प्रतिज्ञा, सैल्यूट, बायाँ हाथ मिलाना, यूनिट लीडर का प्रगतिशील प्रशिक्षण आदि विषयों की जानकारी दी।

सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर श्री मयंक शर्मा जी ने प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रम बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट रैली, प्रादेशिक आजीवन सदस्य बनने आदि से अवगत कराते हुये प्रादेशिक मुख्यालय से मिलने वाले पुरस्कार हेतु प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक आवेदन के लिये प्रेरित किया। तत्पश्चात जिला सचिव श्री दीपक कुमार गुप्ता जी एवं जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स श्री रविंद्र कुमार जी ने स्काउटिंग के क्षेत्र में निरंतर सामाजिक कार्य करने हेतु प्रेरित किया। राष्ट्रगान के साथ बिगनर्स कोर्स समापन हुआ।




## मण्डल – अयोध्या

### जनपद – अयोध्या





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था अयोध्या के तत्वाधान में दिनांक 22 फरवरी 2024 को स्काउटिंग के जनक लॉर्ड बेडेन पॉवेल और उनकी पत्नी लेडी बेडेन पॉवेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम जिले के यश विद्या मंदिर दर्शन नगर में मनाया गया। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता को भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गिरीश चंद्र वैश्य ने की और साथ ही जिला संस्था से जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री बृजेन्द्र दुबे, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री मुकेश साहू, जिला संगठन आयुक्त(गाइड) श्रीमती वंदना पाण्डेय, आदित्य श्रीवास्तव, सुप्रिया सिंह, संगीता चौरसिया आदि मौजूद रही।

### जनपद – अम्बेडकर नगर

जनपद अम्बेडकर नगर के तत्वावधान में 22 फरवरी 2024 को स्काउटिंग के जनक लॉर्ड बेडेन पॉवेल एवं उनकी पत्नी लेडी बेडेन पॉवेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सभागार अम्बेडकर नगर में मनाया गया। इस अवसर परप्रतियोगिता को भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला संस्था की मुख्यायुक्त डॉ० तारा वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री रमेश यादव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सत्यवती देवी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री बलराम, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती प्रियंका तिवारी, प्रधानाचार्य प्रमिला वर्मा, रंजना ट्रेनिंग काउन्सलर गौरव गोस्वामी, दीपक श्रवन आदि मौजूद रहे।



## जनपद – सुल्तानपुर

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था सुल्तानपुर के द्वारा राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुल्तानपुर में चल रहे पांच दिवसीय शिविर के समापन सत्र में छत्रीय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह जी अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अपने संबोधन में कहा कि शिविर के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक होता है वह देश के लिए सेवा भाव भी जगाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट बालचंद ने कहा कि रोवर्स और रेंजर्स राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं प्राचार्य प्रो० दिनेश कुमार त्रिपाठी जी ने रोवर्स-रेंजर्स द्वारा प्रस्तुत किये कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर रोवर्स रेंजर्स ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत सीखी गई विभिन्न गतिविधियों को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया व विभिन्न प्रकार के आसन व टेंट निर्माण कर अतिथियों का मन मोहा, रोवर्स प्रभारी डॉ० प्रदीप सिंह ने अतिथियों का स्वागत व रेंजर प्रभारी डॉ० बीना सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो० एम०पी० सिंह, रमेश सिंह, रवि सिंह सहित अनेक अध्यापक अध्यापिका तथा प्रशिक्षक के रूप में गौरव सिंह, श्री धर्मेंद्र सिंह, श्रीमती ज्योति सिंह, कांति सिंह व महेंद्र कुमार वर्मा आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।




## जनपद – बाराबंकी

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बाराबंकी के मुख्यायुक्त डॉ० रामकुमार गिरी, श्री दिनेश चंद्र पांडे जिला आयुक्त स्काउट, श्रीमती रश्मि गुप्ता जिला आयुक्त गाइड व जिला सचिव डॉ० रामू मौर्य जी के दिशा निर्देशन में दिनांक 17 मार्च 2024 को बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता जनपद के तीन केन्द्रो पर संपन्न हुई।



## जनपद – बाराबंकी

भारत स्काउट और, उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी के तत्वावधान में दिनांक 26 जनवरी 2024 की परेड में जिला पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित पुलिस लाइन अमेठी में 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित पुलिस परेड में जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला मुख्यायुक्त जय प्रकाश तिवारी, जिला आयुक्त स्काउट मान सिंह, जिला आयुक्त गाइड डॉ० फूलकली गुप्ता व जिला सचिव राम प्रकाश सिंह के दिशा निर्देशन में प्रतिभाग किया। स्काउट और गाइड ने परेड में जिला संस्था के द्वारा प्रतिभागिता के लीडर आदित्य और रैना के साथ 19 - 19 स्काउट और गाइड ने प्रतिभाग किया। यूनिट्स का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) शशांक यादव के द्वारा किया जा रहा था। जिसमे ट्रेनिंग काउंसलर मोहम्मद शकील खान, सचिन शर्मा, सचिन विश्वकर्मा, शनि शर्मा, निखिल सिंह, अर्चना यादव, सबीना, कोमल आदि ने सहयोग प्रदान किया।



## मण्डल – चित्रकूट

### जनपद – महोबा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था महोबा के स्काउट भवन में दिनांक 22 फरवरी 2024 को स्काउटिंग के जनक लॉर्ड बेडेन पॉवेल एवं उनकी पत्नी लेडी बेडेन पॉवेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जिला आयुक्त (स्काउट) श्री देवेंद्र कुमार प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, जिला सचिव श्री गया प्रसाद त्यागी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री जयप्रकाश दक्ष, जिला स्काउट मास्टर बेसिक श्री शिवपाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्याम बाबू, ट्रेनिंग काउंसलर (गाइड) कु० साधना, श्री विनीत कुमार एवं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी, वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा, चंद्र कुंवर तिवारी पब्लिक स्कूल महोबा के स्काउट एवं रोवर ने प्रतिभाग किया। चिंतन दिवस के अवसर पर उक्त दोनों महाविद्यालयों के रोवर्स की क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा के रोवर विजय बहादुर सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।





### जनपद – बाँदा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था के द्वारा बांदा में सीबीएसई विद्यालय में दिनांक 01 फरवरी से 3 फरवरी 2024 तक प्रवेश जांच शिविर स्काउट/ गाइड व कब/ बुलबुल विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बांदा में संपन्न हुआ। जांच शिविर में शिव प्रताप सिंह पाल सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) चित्रकूट मण्डल शिविर में उपस्थित रहे| एवं मार्गदर्शन किया। नियम प्रतिज्ञा, झण्डा गीत प्रार्थना आदि विषयो पर विधवत बताया गया और प्रवेश पाठ्यक्रम के अनुसार सभी विषयों पर जांच की गई, प्रधानाचार्या डॉ० संगीता लमगौरा, श्रीमती स्मिता द्विवेदी जिला संगठन आयुक्त (गाइड), श्रीमती आराधना गौतम जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड), श्री सरोज कुमार जिला सचिव, बृजेश कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### जनपद – हमीरपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद हमीरपुर के तत्वाधान में दिनांक 28 फरवरी 2024 को जिलाधिकारी/ अध्यक्ष श्री राहुल पांडेय से मुलाकात कर प्रादेशिक मुख्यालय का पत्र प्राप्त कराया गया| एवं स्काउट और गाइड गतिविधियों, कार्यक्रमों, लक्ष्यों की जानकारी प्रदान की गई और स्काउट और गाइड की निर्वाचन में भूमिका आदि पर चर्चा की गई। भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यायुक्त द्वारा श्री चंद्रशेखर शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर को जिला मुख्यायुक्त नियुक्त किया गया । प्रादेशिक मुख्यालय से प्रतिनिधि के रुप में उपस्थित श्री शिवप्रताप सिंह पाल सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, चित्रकूट मंडल द्वारा नवनियुक्त जिला मुख्यायुक्त महोदय को अधिकार पत्र प्राप्त कराया गया। जिला मुख्यायुक्त महोदय को स्काउट और गाइड जनपद हमीरपुर की प्रगति आख्या एवं लक्ष्य से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला संस्था के पदाधिकारी श्री रामनारायण वर्मा जिला सचिव, श्री महेन्द्र सिंह यादव जिला कोषाध्यक्ष, श्री अरुण कुमार जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), श्री तारा सिंह जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), श्री रमाकांत आई०टी० कॉर्डिनेटर आदि उपस्थित रहे।





## मण्डल – आजमगढ़

### जनपद – आजमगढ़

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद आजमगढ़ में चिंतन दिवस के अवसर पर दिनांक 22 फरवरी 2024 उच्च प्राथमिक विद्यालय जाफरपुर विकास खण्ड पल्हनी, आजमगढ़ में विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक बैठक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री सूर्य प्रताप सिंह उप-प्राचार्य डायट रहे। तथा अध्यक्षता श्री बेचूराम यादव भूतपूर्व प्रधानाध्यापक ने किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष महोदय के आगमन पर स्काउट गाइड कलर पार्टी एवं बैंड द्वारा स्वागत किया गया जिसमें सबसे पहले सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित किया गया, तथा सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने भाग लेकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए कार्यक्रम में शामिल श्री प्रमोद कुमार दुबे, रामनिवास यादव, राजेश कुमार त्रिपाठी, रामनयन मौर्य,राजन शुक्ल, राजीव सिंह, जितेन्द्र कुमार सहित कई अन्य गाइड कैप्टन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री दिनेश सिंह जिला स्काउट मास्टर आजमगढ़ द्वारा किया गया।



### जनपद – बलिया

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बलिया के तत्वाधान में माध्यमिक एवं सी०बी०एस०ई० विद्यालयों के स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन का सात दिवसीय बेसिक कोर्स जननायक चन्द्रशेखर एजुकेशन एकेडमी एवं ट्रेनिंग सेंटर मिड्ढा, बलिया पर दिनांक 14 फरवरी से प्रारंभ होकर दिनांक 20 फरवरी 2024 को सम्पन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाज सेवी उत्कर्ष सिंह' बिट्टू' एवं पी०डी० इण्टर कॉलेज गाय घाट के प्रधानाचार्य के०डी० मिश्रा जी रहे| जिन्होंने आज के परिवेश में स्काउटिंग गाइडिंग के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रशिक्षक के रूप में प्रदेश से आए लीडर ऑफ द





कोर्स दिनेश सिंह यादव, किरन देवी तथा सहायक के रूप में प्रमोद यादव ने प्रशिक्षण सम्पन्न कराया। इस अवसर पर आजमगढ़ मण्डल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) नौशाद अली सिद्दीकी, जिला संस्था बलिया के जिला सचिव राजेश कुमार सिंह, जिला स्काउट मास्टर अरविंद कुमार सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) निर्भय नारायण सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सौरभ कुमार पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) सरिता, उपेन्द्र नारायण सिंह, नफील अख्तर आजाद, आनंद यादव, अब्दुल माजिद व श्याम जी वर्मा उपस्थित रहे।

### जनपद – मऊ

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मऊ के तत्वाधान में शिव कुमारी साहब महाविद्यालय के बी०एड० /डी० एल०एड० के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अथिति जिला मुख्यायुक्त श्री देव भाष्कर तिवारी, विशिष्ट अतिथि जिला सचिव श्री दिनेश कुमार व डॉ० घनश्याम दुबे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा की गयी तथा सभी ने शिविरार्थीयो द्वारा बनाये गये तम्बूओं का निरीक्षण व शिविर भोजन किया तत्पश्चात अतिथियो द्वारा शिविरार्थियों को आशीर्वचन प्रदान किया गया, शिविर का सफल संचालन श्री अखिलेश कुमार चौहान जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मऊ द्वारा किया गया ।



# मण्डल – आगरा

## जनपद – आगरा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था आगरा के तत्वाधान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगरिया ताजपुर में जिला सचिव/यूनिट लीडर श्रीमती रेनू भारद्वाज द्वारा सिलाई रूचि केन्द्र संचालित किया जा रहा है | इस रूचि केन्द्र में दुर्गा शक्ति गाइड कम्पनी की गाइड्स केन्द्र के संचालन में सहयोग प्रदान कर रही है | रूचि केन्द्र का निरिक्षण ग्राम प्रधान श्री अनिल कुमार लोधी द्वारा किया गया और इस कार्य हेतु गाइड और यूनिट लीडर की सराहना की | जिला सचिव/यूनिट लीडर द्वारा पुरस्कार स्वरूप सभी विद्यार्थियों को स्वेटर प्रदान किये गये | इस अवसर पर श्री रामबाबू, डॉ० अमित कुमार, नरेश कुमार, प्रीती, सीमा, सपना, रामरती आदि उपस्थित रहे |



## जनपद – फिरोजाबाद

जिला संस्था फ़िरोज़ाबाद के तत्वाधान में दिनांक 8 मार्च 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर के मेलावाला बाग स्थित टुइयां वाले मंदिर पर महिलाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। यह जागरूकता अभियान संस्था के अध्यक्ष जिलाधिकारी डॉ० उज्जवल कुमार एवं जिला मुख्यायुक्त दीक्षा जैन के निर्देश पर स्काउट गाइड जिला संस्था में चलाया गया। इसके माध्यम से जन जागरूकता अभियान मेला बाला बाग में स्थित शिव मंदिर पर पहुंच कर किया। इस मौके पर पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) रघुवीर सिंह व जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) आनंद बाबू ने 1090, वूमेन पावर लाइन,



181, महिला हेल्प लाइन, 112 शिकायत करने की आदत डालें। अन्याय के खिलाफ खुद खड़े हों और बच्चों को जागरूक करें। इसके बाद नटखट स्काउट और गाइड ग्रुप ओपन यूनिट के प्रभारी मनीष कुमार के निर्देशन में शिव मंदिर पर सभी स्काउट और गाइड द्वारा सेवा कार्य कराया गया।

## जनपद – मैनपुरी

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद मैनपुरी के स्काउट भवन पर दिनांक 4 से 8 जनवरी 2024 के मध्य राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) कुमारी प्रीति के निर्देशन में समपन्न हुआ। जहां शिविर में कुल 42 स्काउट गाइड ने प्रतिभाग किया। गाइड जांच शिविर की लीडर ऑफ़ द कोर्स (गाइड) कुसुम चौहान रही। जांच मंडल में उमेश चन्द्र और बेबी खुशनुमा निरीक्षक के रूप में थे। जिला स्तर पर रामपाल गिरी, कृष्ण कुमार, मोहम्मद शमीम, सुनील कुमार द्विवेदी, सुनील कुमार सिंह, प्रियंका गिरी का सहयोग रहा। इस अवसर पर जिला मुख्यायुक्त डॉ० ए०के० सिंह राठौर, जिला सचिव डॉ० दिनेश कुमार, जिला आयुक्त (स्काउट) डॉ० पदम सिंह, जिला आयुक्त (गाइड) सुमन यादव, संस्था के पूर्व अध्यक्ष हर प्रसाद जी, पूर्व उपाध्यक्ष डॉ० चंद्र मोहन सक्सेना का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।



## जनपद – मथुरा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मथुरा के अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज-मथुरा में पाँच दिवसीय शिविर का आयोजन 20 से 24 फरवरी 2024 तक किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ० अनिल कुमार बाजपेयी, शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ० आरती पाठक व लीडर ट्रेनर स्काउट अशोक कुमार सोलंकी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के तीसरे दिन स्काउट-गाइडिंग के जनक लार्ड बेडेन पावेल व लेडी बेडेन पावेल का जन्मोत्सव विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया।



## मण्डल – अलीगढ़

## जनपद – अलीगढ़

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद अलीगढ़ के तत्वाधान में अल बरकत इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजूकेशन के बी०एड० विभाग में दिनांक 20 से 24 फरवरी 2024 तक पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर आयोजित किया गया| कार्यक्रम के प्रथम दिन स्काउट मास्टर ने सभी बच्चों को स्काउटिंग और गाइडिंग के नियम व कर्तव्य बताएं, साथ ही मानवता की सेवा, देश सेवा, कर्तव्य परायणता के गुणों से रूबरू कराया और बताया कि स्काउट गाइड में इनका समावेश होना चाहिए, शिविर में विभिन्न टोलिया ने अपने-अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये इस दौरान सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री कविता पांडेय कार्यक्रम में संस्थान की प्राचार्या डॉ० रुबीना शहनाज, शिविर प्रभारी श्री हिमांशु शर्मा एवं सभी शिक्षकगण मौजूद रहे। कैम्प में श्री ऋषि कुमार तथा श्रीमती शबनम ने प्रशिक्षण प्रदान किया।





## जनपद – कासगंज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद कासगंज के तत्वधान में गणेश इण्टर कॉलेज कासगंज में दिनांक 31 जनवरी 2024 को बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 32 गाइड तथा 21 स्काउट ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) मुनेश राजपूत, जिला सचिव श्रीपाल सिंह शाक्य, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती ललितेश कुलश्रेष्ठ, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती मंजू मिश्रा, सहायक आई०टी० कोऑर्डिनेटर श्री ललित मोहन कुलश्रेष्ठ, गाइडर श्रीमती मीना भारती, स्काउटर के पी सिंह, संजीव वार्ष्णेय, सुरभि आदि स्काउटर-गाइडर उपस्थित रहे।

## जनपद – हाथरस

जनपद हाथरस के तत्वाधान में श्री उमेश चंद्र कौशिक आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज हाथरस में चल रहे, पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लिखित परीक्षा, बी०पी एक्सरसाइज व स्वास्थ्य के नियम, प्रार्थना झंडा गीत, वीपिंग एवं गांठे ,प्राथमिक चिकित्सा, आदि की परीक्षा संपन्न कराई गई। ध्वजारोहण प्रधानाचार्य डॉ० सौरभ जैन द्वारा किया गया। जांच सिविर के लीडर ऑफ द कोर्स (स्काउट) आनंद बाबू एवं लीडर ऑफ द कोर्स (गाइड) विनीता चौधरी जी रही।






परीक्षा सहायक के रूप में जिला संगठन आयुक्त स्काउट धीरेंद्र प्रताप सिंह, ट्रेनिंग काउंसलर डॉ० विकास कौशिक, विकास कुमार एवं रूपेश कुमार गौतम, दीपक शर्मा, जसराम सिंह तथा वंदना शुक्ला का सहयोग रहा। जांच परीक्षाओं की मॉनरिटिंग सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर गाइड कविता पांडे द्वारा किया गया। इस शिविर में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड ने प्रतिभाग किया।

## मण्डल – वाराणसी

### जनपद – चंदौली





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद संस्था चंदौली के तत्वावधान में जनपदीय रोवर्स-रेंजर्स समागम 2024 का आयोजन शहीद सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धानापुर में दिनांक 27 फरवरी व 28 फरवरी 2024 को आयोजित किया गया । जिसमे पोस्टर, तम्बू, बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि प्रतियोगिताओ को आयोजित किया गया|

### जनपद – गाजीपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था गाजीपुर के तत्वावधान में दिनांक 12 फरवरी 2024 को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्काउट गाइड व रोवर-रेंजर्स प्रभारियों एवं प्राचार्यों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रोवर्स-रेंजर्स गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई| सभी प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने महाविद्यालय में रोवर-रेंजर्स की इकाईयां अवश्य गठित कर लें तथा उनका पंजीकरण करा लें । जो इकाइयां पहले से गठित हैं, वे मार्च सत्र की समाप्ति के पहले अपना शुल्क जमा कर नवीनीकरण करा लें । रविंदर कौर शोखी



सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) वाराणसी ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स गतिविधियों को गति देने के लिए स्काउटिंग से जुड़े तकनीकी पक्षों पर प्रकाश डाला। वहीं प्रो० सविता भारद्वाज ने पुष्प-गुच्छ भेंटकर जिला मुख्यायुक्त प्रो० शंभूराम व प्राचार्य प्रो० विजय कुमार राय का स्वागत किया। इस मौके पर शिवकुमार, डॉ० मनोज तिवारी, डॉ० सतीश, डॉ० अमित और डॉ० मृत्युंजय आदि उपस्थित रहे।

### जनपद – वाराणसी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जनपद वाराणसी में 22 फरवरी 2024 को श्री हिमांशु नागपाल मुख्य विकाश अधिकारी /जिला मुख्यायुक्त के निर्देशन में स्काउट गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडेन पॉवेल एवं लेडी बेडेन पॉवेल के जन्मदिवस को चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री अनुराग दुबे डी०सी० परियोजना कार्यालय वाराणसी का स्वागत श्री विष्णु विश्वकर्मा जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) वाराणसी ने स्कार्फ अलंकरण कर स्वागत वन्दन अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने बेडेन पॉवेल एवं लेडी बेडेन पॉवेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी आयोजित की गयी| और विश्व चिंतन दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री विनोद श्रीवास्तव, प्रीति पटेल, काजल, संदीप, हमदम, स्काउट आलोक पाण्डेय, करुणाकर तिवारी, आदर्श श्रीवास्तव इत्यादि लोग कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया, कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रामेश्वरी वर्मा जिला संगठन आयुक्त गाइड ने किया ।



## मण्डल – गोरखपुर

### जनपद – गोरखपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद गोरखपुर तत्वाधान 25 जनवरी 2024 को मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के रैली निकाली गई। रैली को जिला मुख्यायुक्त डॉ० अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली अयोध्या दास स्काउट कुटी से निकलकर अंबेडकर चौराहा, शास्त्री चौक, टाउन हॉल चौराहा, गणेश चौराहा, इंदिरा बाल विहार होते हुए अयोध्या दास स्काउट कुटीर पर संपन्न हुई ।



### जनपद – कुशीनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था कुशीनगर के किसान इन्टरमीडिएट कॉलेज सखोपार, कुशीनगर में 17 मार्च 2024 को बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा सकुशल समपन्न हुई।



### जनपद – महाराजगंज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद महाराजगंज के तत्वाधान में दिव्यांग यंत्र वितरण समारोह में स्काउट गाइड के बच्चों ने दिव्यांग जनों को मंच तक पहुचाने और उनको ले आने में सहयोग ।





## मण्डल – प्रयागराज

### जनपद – प्रयागराज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज के तत्वाधान में स्काउट/ गाइड, स्काउट मास्टर तथा गाइड कैप्टन द्वारा प्रयागराज की संगम नगरी में माघ मेला शिविर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 09 फरवरी मौनी अमावस्या व 14 फरवरी 2024 को बसंत पंचमी के पावन पर्व पर भूले भटके श्रद्धालुओं को मार्गदर्शक, एंबुलेंस सेवा, चिकित्सा सेवा मार्गदर्शन करते हुए। प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहने वाले स्काउट गाइड ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।





### जनपद – कौशाम्बी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था कौशाम्बी के तत्वावधान में दिनांक 15 मार्च 2024 को टी०आर०एस० कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, राम सजीवन सिंह पी०जी० कॉलेज जयंतीपुर में स्काउट और गाइड का पांच दिवसीय बी० एड० डी०एल० एड० स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स का प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। इस समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० रविंद्र सिंह, प्रबंधक टी०आर०एस० कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी विशिष्ट अतिथि के रूप प्राचार्य डॉ० जितेंद्र सिंह रहे, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) कौशांबी श्री श्याम बाबू यादव ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया| इसी के साथ स्काउट गाइड द्वारा लगाए गए तंबू और बिना बर्तन का बनाए गए भोजन का अवलोकन

किया प्रशिक्षिका स्नेहा ने प्रतिभागियों को टेंट, गेट, गैजेट, आदि की जानकारी दी इस अवसर पर डॉ० अजीत यादव, अनुराधा राय, उमाकांत भार्गव, विवेक सिंह, प्रदीप कुशवाहा, संजीव कुमार, शत्रुघन सिंह, संदीप सिंह, राकेश साहू, कुलदीप सिंह, दिलीप चंद, अनिल पाल, रोहित मिश्रा, श्याम सुंदर यादव, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।



## मण्डल – कानपुर

### जनपद – इटावा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद इटावा के तत्वावधान में जिला सचिव व जिला संस्था के निर्देशानुसार दिनांक 08 मार्च 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर ग्रामीण अंचल में रहने वाली सशक्त महिलाओं को उनकी जरूरत का सामान उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बालिकाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य, अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त (गाइड) स्वीटी मथुरिया, अर्चना चौधरी, नीतूपुरवार, प्रियंका गुप्ता, रूपम सक्सेना, सोनिया गुप्ता आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। **"हर घर में जो नारी को सम्मान मिलेगा,हर चेहरा फिर खुशियों से खिलेगा"**




### जनपद – कानपुर देहात

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद कानपुर देहात के तत्वाधान में आदरणीय अपर जिला अधिकारी श्री अमित कुमार जी को जिला मुख्यायुक्त नियुक्त किया गया| जिसके बधाई स्वरुप सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर श्रीमती प्रज्ञा सिंह ने 21 फरवरी 2024 को प्रादेशिक मुख्यायुक्त जी द्वारा भेंट किया गया कप उन्हें प्रदान किया। जिला मुख्य आयुक्त जी ने आश्वस्त किया जनपद को स्काउटिंग गाइडिंग में उनका पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।



### जनपद – औरैया

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद औरैया के तत्वावधान में दिनांक 01 मार्च 2024 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय रोवर-रेंजर अन्तर्महाविद्यालय समागम सत्र 2023-24 का शुभारम्भ तिलक महाविद्यालय में आयोजित किया गया। समागम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी/ जिला मुख्यायुक्त आदरणीय श्री महेंद्र पाल सिंह जी के करकमलो द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ।





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था कन्नौज के द्वारा के नेहरू महाविद्यालय छिबरामऊ में दिनांक 04 मार्च 2024 को तीन दिवसीय रोवर्स /रेंजर्स प्रवेश व निपुण जाँच शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो० जयवीर सिंह, प्रशिक्षक जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती सुमन लता यादव एवं जिला संगठन आयुक्त श्री परशुराम पाल ने ध्वजारोहण के साथ किया। रोवर्स /रेंजर्स को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि रोवर्स /रेंजर्स से हम अनुशासन, सेवा भावना, टीमवर्क व सहयोग भावना आदि सीखते हैं। अनुशासन सफल होने की कुंजी है। संयोजक रेंजर्स डॉ० प्रियंका ने बताया कि स्काउट गाइड निस्वार्थ भावना से कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करता है। संयोजक रोवर्स श्री मनीष कुमार ने आपदा के समय रोवर्स /रेंजर्स के योगदान के महत्व को बताया। प्रशिक्षकों द्वारा रोवर्स /रेंजर्स प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, नियम, ध्वज के प्रकार, सीटी संकेत आदि के बारे में सिखाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक आदि उपस्थित रहे।



## मण्डल – लखनऊ

### जनपद –लखनऊ

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश लखनऊ विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय रोवर रेंजर समागम, नेशनल पी जी कॉलेज लखनऊ के प्रांगण में दिनांक 05 से 07 मार्च 2024 तक आयोजित किया गया। जिसमें आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन सत्र में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो० सुधीर चौहान जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन के पश्चात ध्वज शिष्टाचार के साथ उन्होंने प्रतिभागी टीमों की मंच से सलामी ली। विशेष अतिथि के रूप में नेशनल पी०जी० कॉलेज के प्राचार्य श्री देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) पूनम संधू ने आए हुए प्रभारीयो का बैज अलंकरण एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, समागम में मार्च पास्ट, वर्दी एकोरेस्टोरेशन, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, प्राथमिक चिकित्सा, तंबू निर्माण, पुल निर्माण, गांठबंधन, रोल प्ले एवं नाट्य प्रतियोगिता आदि संपन्न कराई गई ।





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद उन्नाव में दिनांक 13 फरवरी 2024 को भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद संस्था उन्नाव में जिला विद्यालय निरीक्षक एस०पी० सिंह के आदेशानुसार बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन श्याम कुमारी सेठ बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। प्रतियोगिता जिला संगठन कमिश्नर स्काउट/ गाइड बृज कुमार व मंजू कनौजिया की देखरेख में हुई, प्रतियोगिता का निरीक्षण साहब लाल यादव जिला प्रशिक्षण कमिश्नर स्काउट तथा सोनू सिंह जिला गाइड कैप्टन द्वारा किया गया । पर्यवेक्षक के रूप में जिला सचिव राणा ऋपेंद्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष पूजा कनौजिया भी परीक्षा केंद्र पर मौजूद रहे ।



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की जिला संस्था लखीमपुर खीरी में 26 जनवरी 2024 को 75वाँ गणतंत्र दिवस जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला मुख्यायुक्त डॉ० महेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में ध्वजारोहण कार्यक्रम समपन्न हुआ। कार्यालय में बने शहीद स्मारक के पास शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई, जिसमें गाइड ट्रेनर रागिनी वर्मा, श्रेया पांडे, शशांक पांडे, नरेश कुमार, स्काउट दुर्गेश कुमार, आदर्श कुमार एवं स्काउट उपस्थित रहे।



## जनपद –रायबरेली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद रायबरेली के तत्वावधान में न्यू स्टैण्डर्ड कॉलेज ऑफ़ हायर एजुकेशन में दिनांक 13 फरवरी 2024 को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मास्टर ट्रेनर देवेंद्र बाजपेई द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें महाविद्यालय के लगभग 140 छात्रों ने राहत एवं बचाव कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर a प्राचार्य डॉ० शिव ओम श्रीवास्तव, डी०एल०एड० प्राचार्य धीरेंद्र सिंह, गौरव मिश्रा, डॉ० अरुण चौधरी, अनीता मौर्या, खुशबू सिंह, डॉ० वंदना पांडे, प्रेम शंकर जायसवाल, रेखा मिश्रा कोमल वर्मा, प्रवीण शर्मा, डॉ० जितेंद्र सिंह, जे०सी० श्रीवास्तव आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।



# मण्डल – मिर्ज़ापुर

## जनपद – मिर्ज़ापुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मिर्ज़ापुर के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय महाविद्यालय चुनार, मिर्ज़ापुर के प्राचार्य डॉ० पी०एन० डोंगरे की अध्यक्षता में दिनांक 27 फरवरी 2024 को जनपदीय रोवर-रेंजर्स समागम के उद्घाटन का शुभारंभ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम् दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें जनपद स्तरीय विभिन्न कॉलेजों से आए रोवर्स-रेंजर्स ने भाग लिया। प्राचार्य जी नें अतिथियों एवं विभिन्न कॉलेजों से आए रोवर्स-रेंजर्स पदाधिकारियों का स्वागत किया और कहा कि रोवर्स-रेंजर्स में विश्व नागरिक बनने के लिए सेवा भाव निहित है, यह हमें हर परिस्थिति से लड़ने के लिए तैयार करता है। उक्त अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ० प्रभात कुमार सिंह ने विभिन्न संस्थाओ से आए रोवर-रेंजर को कार्य योजना एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। कार्यकम का संचालन जिला संगठन कआयुक्त (स्काउट) मुकेश कुमार ने तथा जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती संगीता विश्वकर्मा, अक्षता प्रजापति, किरन चन्द्रकान्त, संतोष सिंह और संजय कुमार आदि ने समागम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया।



## मण्डल – मुरादाबाद

### जनपद – अमरोहा

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद अमरोहा के सहयोग और नेहरू युवा केंद्र अमरोहा के तत्वाधान में दिनांक 11 मार्च 2024 को के०डी० स्काई ब्लू पब्लिक स्कूल हैबतपुर चौधरीयान धनोरा के खेल मैदान में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीव तरारा जी विधानसभा अध्यक्ष धनोरा, विशिष्ट अतिथि श्री माया शंकर यादव जी अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमरोहा, विशेष अतिथि के रूप में श्री विकास मित्तल जी उप जिलाधिकारी धनोरा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत सुश्री आभा सोनी जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र अमरोहा और श्री अजय कुमार जिला संगठनआयुक्त (स्काउट) के द्वारा किया गया। युवा संसद कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो० अरविंद कुमार सिंह, प्रो० मनु सिंह और प्रो० रिचा चौधरी ने स्काउट के सिद्धांत, नियम और प्रतिज्ञा के साथ-साथ मोटा अनाज, नारी शक्ति जैसे विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किया। के० डी० स्काई ब्लू पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर श्री वसीम मलिक और प्रधानाचार्य श्री मोईन उल अतीक ने कार्यक्रम में सभी अतिथियों का मंच से स्वागत किया।



## मण्डल – झाँसी

### जनपद – झाँसी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के तत्वावधान में जनपद झाँसी में झाँसी व चित्रकूट मण्डल का विभिन्न महाविद्यालय के रोवर/ रेन्जर प्रभारियों का बेसिक/ एडवांस कोर्स दिनांक 02 से 08 मार्च 2024 तक बुन्देलखण्ड महाविद्यालय, झाँसी में आयोजित किया गया। इस शिविर में दोनों मण्डल से 35 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। शिविर के तृतीय दिवस में शिक्षक विधायक झाँसी-इलाहाबाद क्षेत्र एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड उ०प्र० डॉ० बाबूलाल तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे, प्रो० एस०के० राय प्राचार्य बुन्देलखण्ड कॉलेज, झाँसी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ० बी०बी० त्रिपाठी शोध निदेशक संस्कृतशोध पीठ बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी उपस्थित रहे। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर श्री प्रदीप गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया इस अवसर पर रोवर/ रेन्जर प्रभारी एल०सी० साहू, लीडर ऑफ़ द कोर्स एडवांस रेन्जर लीडर उषा कुशवाहा, बेसिक फोर्स रेन्जर लीडर बेबी खुशनुमा, रेन्जर लीडर बी०के०डी० डॉ० वन्दना कुशवाहा, अमित उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



# मण्डल – मेरठ

## जनपद – बागपत

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बागपत के दिगंबर जैन कॉलेज में प्रादेशिक रोवर-रेंजर समागम का शुभारंभ हुआ| जिसमें उत्तर प्रदेश की विभिन्न विश्वविद्यालयों की रोवर्स-रेंजर्स टीमों ने प्रतिभाग किया। सभी रोवर्स-रेंजर्स ने उद्घाटन समारोह में मार्च पास्ट से शुरू हुआ| आज के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि जिला युवा अधिकारी श्री अरुण तिवारी जी जिला बागपत ने सभी सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर, निर्णायक बंधु को स्कार्फ बोगल लगाकर स्वागत किया गया। डॉ० किरन गर्ग ने सरस्वती वंदना के साथ कॉलेज में आये सभी का स्वागत उद्बोधन के





माध्यम से स्वागत किया। मंच संचालन श्री मयंक शर्मा सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ /सहारनपुर मण्डल एवं समागम संचालन प्रादेशिक संगठन आयुक्त(स्काउट) श्री हीरालाल यादव जी ने किया। डॉ० महेश कुमार मुच्छाल, श्री मयंक शर्मा, राजेश प्रजापति, नौशाद अली सिद्दीकी, सितारा त्यागी, रविंद्र सोखी, प्रज्ञा सिंह, प्रीती, घनश्याम दुवे, शफीउजमा, अखिलेश कुमार चौहान, श्री अशोक बंधु जी और शशिबाला, सूरज कुमार, शिवम् ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

## जनपद – मेरठ

स्काउट गाइड कार्यालय, मेरठ को मानव श्रंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह में 23 जनवरी- 2024 को भारत स्काउट और गाइड संस्था मेरठ द्वारा बहुमूल्य सहयोग हेतु जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर जिलाधिकारी मेरठ द्वारा सम्मानित किया गया | जिला आयुक्त स्काउट श्री सुशील शर्मा एवं जिला सचिव डॉ गौरव पाठक संस्था को मिला उक्त प्रशस्ति पत्र जिला मुख्यायुक्त श्रीमती रेखा शर्मा जी को प्रदान किया गया | प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. से प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष श्री दीपक मीणा जी (आई.ए.एस.) से भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. की जनपद संस्था मेरठ के विकास एवं लक्ष्यों की प्राप्ति को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी कार्यालय, मेरठ में आवश्यक कार्यों की पूर्ति हेतु सी.बी.एस.ई. विद्यालयों में पंजीकरण, प्रादेशिक आजीवन सदस्य आदि हेतु चर्चा की गई।इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा जी,जिला मुख्यायुक्त/प्रादेशिक उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा जी, जिला आयुक्त स्काउट श्री सुशील कुमार शर्मा जी, जिला कोषाध्यक्ष डा. अंशु श्रीवास्तव जी, जिला संगठन आयुक्त श्री सोमेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।





## मण्डल – मेरठ

### जनपद – गौतमबुद्धनगर

दिनांक 22 फरवरी 2024 को जिला मुख्यालय भारत स्काउट और गाइड गौतम बुद्ध नगर एवं जनपद के विभिन्न स्कूलों में स्काउट और गाइड ने जिला संस्था के समस्त पदाधिकारियो के निर्देशन में विश्व स्काउट चीफ रॉबर्ट स्टीफेंशन स्मिथ बेडेन पावेल व विश्व गाइड चीफ सेन्ट ओलेव क्लेयर सोम्स (लेडी बेडेन पावेल) का जन्मदिन चिन्तन दिवस के रूप में मनाया ।इस अवसर पर स्काउट और गाइड द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता,सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं स्वच्छता अभियान चलाकर उनको श्रद्धाजलि दी।



### जनपद – बुलंदशहर

जनपद बुलंदशहर द्वारा 1 जनवरी जनपद मुख्यालय पर विशेष योगदान और सराहनीय कार्य करने के लिए स्काउट और रोवर को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित, 8 से 12 जनवरी 2024 तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आदरणीय जिला विद्यालय निरीक्षक श्री शिवकुमार ओझा द्वारा शिविरों का निरीक्षण कर समापन किया गया 12 जनवरी युवा दिवस का आयोजन किया गया 14 जनवरी तेरा सुमिरन कार्यक्रम का आयोजन खुर्जा में किया गया जिसमें जे ए एस इंटर कॉलेज के स्काउट द्वारा व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया गया 22 जनवरी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की कार्यक्रम के साथ जनपद मुख्यालय पर भी पूजा अनुष्ठान का कार्यक्रम किया गया 23 जनवरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई | प्रादेशिक मुख्यायुक्त



द्वारा जनपद में जिला मुख्यायुक्त के पद पर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी श्रीमान कुलदीप कुमार मीणा आईएएस को नियुक्त किए जाने पर जिला संस्था के समस्त पदाधिकारीयों एवं सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त मयंक शर्मा जी के साथ विकास भवन में जाकर उनको बुके और स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया |

### जनपद – गाज़ियाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद गाजियाबाद के तत्वाधान में दिनांक 27 साइंस एण्ड कॉमर्स कॉलिज, मोदीनगर गाजियाबाद में सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के रोवर/रेंजर, स्काउट/गाइड, कब एवं बुलबुल ने प्रतिभाग किया। रैली संयोजक जिला सचिव, श्री सतीश चन्द अग्रवाल ने विजेताओं को शुभकामनाओं सहित आगे बढ़ने के लिये प्रेरणा दी | रैली का संचालन श्री श्याम सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवं श्रीमती रिंकू तोमर जिला संगठन आयुक्त गाइड ने किया।



## विश्वविध्यालय – जनपद

## डॉ० भीमराव अम्बेडकर विश्वविध्यालय, आगरा

सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा की रोवर्स और रेंजर्स इकाई द्वारा गैर सरकारी संस्था पारिजात एवं उज्ज्वला साइग्नस रेनबो हॉस्पिटल आगरा के सहयोग से, एक मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन उज्ज्वला साइग्नस रेनबो हॉस्पिटल आगरा के संस्थापक डा. नरेंद्र मल्होत्रा, प्राचार्य सेंट जॉन्स कॉलेज एवम् मुख्य आयुक्त रोवर/ रेंजर भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा प्रो. एस. पी. सिंह द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रो. जे एंड्रयू, प्रो. संजय जैन, डा. अनुराधा चौहान, रोवर क्रू एडवाइजर डा. डेविड मैसी, रेंजर टीम एडवाइजर डा. साक्षी वॉकर व डा. दीपशिखा दास उपस्थित रहे।शिविर को कॉलेज कैंपस के क्रिकेट मैदान में स्थापित किया गया, जिसमें उज्ज्वला साइग्नस रेनबो हॉस्पिटल आगरा की चिकित्सा टीम, जिसमें डॉक्टर, नर्सेज और पैरामेडिकल स्टाफ ने उपस्थित छात्र छात्राओं व कॉलेज स्टाफ की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की।शिविर में रक्तचाप मापन, रक्त शर्करा परीक्षण, BMI गणना, आंखों की जांच, दंत चिकित्सा की जांच और सामान्य चिकित्सक परामर्श जैसी विभिन्न मुफ्त स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही, पोषण, व्यायाम, और ज़रूरी देखभाल जैसे विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई। सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा की रोवर्स और रेंजर्स इकाई और उज्ज्वला साइग्नस रेनबो हॉस्पिटल आगरा के बीच सहयोग ने समग्र रूप से, मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने में विशेष योगदान दिया। डा. विशाल गुप्ता, डा. समीर भारद्वाज, डा. कीर्ति पाण्डे, डा. फैजल कादरी, डा. अनुराग सिंह और समस्त अस्पताल स्टाफ ने शिविर में विशेष योगदान दिया।पारिजात की ओर से डा. धीरज मोहन सिंघल, डा. प्रीति सिंह, डा. ममता मीणा एवम् डा. गुलशन ग्रोवर उपस्थित रहे।आयोजकों द्वारा सभी स्वयंसेवकों, चिकित्सा कर्मचारियों और सहयोगी हॉस्पिटल को धन्यवाद व्यक्त किया गया। यह शिविर एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और सभी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में सफल रहा।





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद आगरा से जापान के टोकियो शहर में होने वाली पर्यावरण से संबंधित बैठक में दिनांक 5 मार्च 2024 से 12 मार्च 2024 तक जेनेसिस बैच थर्ड में आर०बी०एस० कॉलेज खंदारी आगरा की रेंजर अंतरा मुखर्जी सफलतापूर्वक बैठक में प्रतिभाग करके 13 मार्च 2024 को भारत वापस लौटी, इस मौके पर डॉ० भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय कि कुलपति आंशू रानी, कुलसचिव डॉ० राजीव कुमार, उप कुलपति डॉ० तनेजा ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला मुख्य आयुक्त प्रो० एस०पी० सिंह, जिला आयुक्त (रोवर) प्रो० विजय श्रीवास्तव, जिला आयुक्त (रेंजर) पूनम तिवारी, प्राचार्य बेकुंठि देवी कन्या महाविधालय, विभाग अध्यक्ष शिक्षा संकाय, प्रो० बसंत बहादुर सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) विशाल कुमार और जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) बॉबी कुमार जिला प्रशिक्षण आयुक्त (रेंजर) डॉ० अनीता रानी आदि उपस्थित रहे।






## OUR WEBSITE www.bsgup.org

**This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here....** **Please Visit & Share Our Website**




**Office E Mail : upscoutsguides@yahoo.com**
**IT Department E Mail : bsgup.org@gmail.com**
**Magazine E Mail : itbsgup@gmail.com**

# स्काउट/गाइड प्रश्नोत्तरी

# BSG ज्ञान विवज़

For : Cub / Bulbul
Scout / Guide
Rover / Ranger

**कब/बुलबुल :-**

प्रश्न 01 – **COH का विस्तार करें?**
(A) कैश ऑन होम (B) कोर्ट ऑफ़ ऑनर
(C) कैश ऑफ़ होम (D) उक्त में कोई नहीं

प्रश्न 02 – एक ट्रूप/कम्पनी की सबसे छोटी इकाई है ?
(A) स्काउट (B) पेट्रोल (C) कब (D) बुलबुल

प्रश्न 03 - पेट्रोल झण्डे का आकार कैसा होता है ?
(A) त्रिकोण (B) चौकोर (C) आयताकार (D) लम्बवत

प्रश्न 04 - पेट्रोल झण्डे की माप क्या होती है ?
(A) 20x30x30 सेमी. (B) 30x20x30 सेमी. (C) 30x20x20 सेमी. (D) 20x30x20 सेमी.

प्रश्न 05 – कब गोले घेरे में बैठना संकेत पर किस अंग के बल बैठते है?
(A) घुटने के (B) एड़ी के (C) पंजे के (D) कोहनी के

प्रश्न 06 – कंम्प्यूटर के मेमोरी में डाले गये काम को प्रदर्शित करता है?
(A) मानीटर (B) प्रिंटर (C) सी.पी. यू. (D) की-बोर्ड

प्रश्न 07 – कंम्प्यूटर माउस किस प्रकार का डिवाइस है ?
(A) अपलोड (B) डाउनलोड (C) आउटपुट (D) इनपुट

प्रश्न 08 – निम्नलिखित में कौन सा कार्य कंम्प्यूटर नहीं करता ?
(A) आउटपुर्टिंग (B) अंडर स्टैंडिंग (C) प्रोसेसिंग (D) इनपुटिंग

प्रश्न 09 – एक गीगामीटर (GB)) में कितने बाइट होते है ?
(A) 1000 MB (B) 1024 MB (C) 1024 ZB (D) 1024 KB

प्रश्न 10 – इनमें कौन सा सर्च इंजन नहीं है ?
(A) Google (B) Yahoo (C) Bing (D) GK Section

**स्काउट/गाइड :-**

प्रश्न 01 – विश्व स्काउट ब्यूरो का मुख्यालय कहाँ है ?
(A) जिनेवा (B) चिली (C) इग्लैंड (D) दक्षिणी अफ्रीका

प्रश्न 02 – WAGGS की स्थापना कब हुई ?
(A) 1908 (B) 1909
(C) 1911 (D) 1928

प्रश्न 03– गाइडिंग का नाम कहाँ से लिया गया ?
(A) गाइड फ़ोर्स (B) गाइड फ्रंटियर फ़ोर्स
(C) गाइड विंग (D) गाइडिंग मूवमेंट

प्रश्न 04 – कंम्प्यूटर के किस भाग का प्रयोग गणना और तुलना के लिए किया जाता है ?
(A) सी. पी. यू. (B) ए. एल. यू. (C) मोहम (D) यू. पी.एस.

प्रश्न 05 – नेशनल यूथ कमेटी के सदस्यों की आयु क्या होनी चाहिए?
(A) 18-30 वर्ष (B) 16-25 वर्ष (C) 18-25 वर्ष (D)17-40 वर्ष

प्रश्न 06 – सिल्वर स्टार एवार्ड कितने वर्षो की सेवा के लिए दिया जाता है ?
(A) 25 वर्ष (B) 20 वर्ष (C) 30 वर्ष (D) 40 वर्ष

प्रश्न 07 – MOP कार्यक्रम कब स्थापित हुआ?
(A) 2010 (B) 2015 (C) 2011 (D) 1999

प्रश्न 08 – विश्व गाइड ध्वज में सफ़ेद रंग के उल्टे एल (L) की आकृति किसका प्रतीक है ?
(A) सेवा का (B) सिस्टम हुड का (C) ब्रदर हुड का (D) शांति का

प्रश्न 09 – प्रथम प्रादेशिक बी. एस. जी. ज्ञान प्रतियोगिता किस वर्ष में प्रारम्भ हुई?
(A) 2015 (B) 1997 (C) 2022 (D) 2020

प्रश्न 10 –भारत स्काउट और गाइड के उत्तर प्रदेश के उप मुख्य संरक्षक कौन है ?
(A) राज्यपाल (B) मुख्यमंत्री
(C) राष्ट्रपति (D) प्रधानमंत्री

**रोवर/रेंजर :-**

प्रश्न 01 – फस्ट कॉन्फ्रेंस ऑफ़ रोवर एंड रेंजर लीडर में कितने राज्य ने भाग लिया था ?
(A) 16 राज्य (B) 12 राज्य (C) 24 राज्य (D) 20 राज्य

प्रश्न 02 – निपुण टेस्ट उत्तीर्ण करने के लिए अपने टीम के साथ में भाग लेना चाहिए ?
(A) 02 (B) 03 (C) 04 (D) 01

प्रश्न 03 – फर्स्ट प्रेसिडेंट रोवर/रेंजर अवार्ड रैली कब आयोजित हुआ था ?
(A) 1961 (B) 1951 C) 1971 (D) 1991

प्रश्न 04 –एक रेंजर राष्ट्रपति अवार्ड रेंजर बैज को कहाँ पहनेगी?
(A) दायें बाजू की आस्तीन (B) बाएं बाजू की आस्तीन (C) बांया पाकेट (D) दायीं पाकेट

प्रश्न 05–बेडेन पावेल को लेडी बी. पी. द्वारा क्या उपनाम दिया गया था ?
(A) स्टी (B) राबर्ट (C) स्मिथ (D) राबिन

प्रश्न 06 – राज्य पुरस्कार टेस्ट उत्तीर्ण करने के लिए एक रोवर/रेंजर को कितने कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर कार्य करने होते है ?
(A) 02 (B) 01 (C) 04 (D) 03

प्रश्न 07 – भारत स्काउट्स और गाइडस ने स्काउटिंग फॉर ब्वायज पुस्तक का पहला संस्करण कब जारी किया ?
(A) अक्टूबर 1972 (B) जनवरी 1960 (C) फरवरी 1957 में (D) दिसम्बर 1908 में

प्रश्न 08 – प्रथम ओलम्पिक खेल कब हुआ था ?
(A) 1886 (B) 1896 (C) 1891 (D) 1890

प्रश्न 09 – अगले ओलंपिक खेलो की मेजबानी कौन करेगी ?
(A) टोक्यो (जापान) (B) रियो द जेनेरो (ब्राजील ) (C) लास एंजेलिस (अमेरिका ) (D) पेरिस (फ्रांस)

प्रश्न 10 – संविधान सभा ने राष्ट्रगान को कब स्वीकार किया था ?
(A) 24 जुलाई 1947 (B) 26 जनवरी 1950 (C) 24 जनवरी 1950 (D) 15 अगस्त 1947

उक्त प्रश्नों के उत्तर पृष्ठ संख्या 33 पर देख सकते है।

## बी० एस० जी० ज्ञान क्विज़ -- *ऑनलाइन








| भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश | | |
|---|---|---|
| प्रादेशिक-मुख्यालय | | |
| बी०एस०जी० ज्ञान क्विज - विजेता सूची | | |
| QUIZ | S.NO. | NAME |
| Part-1<br>22.02.2024 | 1 | Ms. NAINA TIWARI |
| | 2 | Mr. VEER VIKRAM SINGH |
| | 3 | Ms. YASHASVI TIWARI |
| Part-2<br>29.02.2024 | 1 | Mr. RAHUL KASHYAP |
| | 2 | Mr. READY SCOUT OFFICIAL |
| | 3 | Mr. GAURAV SHARMA |
| Part-3<br>07.03.2024 | 1 | Mr. VILAS GOSAVI |
| | 2 | Mr. PREM SRIVASTAVA |
| | 3 | Mr. ASHISH MAGWANE |
| Part-4<br>14.03.2024 | 1 | Mr. YATHARTH RAJPOOT |
| | 2 | Mr. PRASHANT AHIRWAR |
| | 3 | Mr. VAISHVIK RAJPOOT |
| Part-5<br>21.03.2024 | 1 | Mr. AKASH KUMAR |
| | 2 | Mr. PRAMOD YADAV |
| | 3 | Mr. YASH KUMAR |
| Part-6<br>28.3.2024 | 1 | Mr. HEMANT GUPTA |
| | 2 | Mr. VAISHNO |
| | 3 | Mr. VIJAY BAHADUR |

## विज्ञापन

















**उत्तर माला : स्काउट/गाइड प्रश्नोत्तरी**

कब/बुलबुल – 1-B, 2-B, 3-A, 4-A, 5-B, 6-A, 7-D, 8-B, 9-B, 10-D
स्काउट/गाइड – 1-A, 2-B, 3-B, 4-B, 5-A, 6-B 7-C, 8-D, 9-C, 10-B
रोवर/रेन्जर – 1-A, 2-C, 3-C, 4-B, 5-D, 6-A, 7-A, 8-B, 9-D, 10-C

# विज्ञापन


VISHWAKARMA GROUP
Vishwakarma
Insdustrial Estate
"शहर का विकास
बढ़ते उद्योग के साथ"
Site : Vishwakarma Builders
Vishwakarma Industrial Estate, Bagpat Road, Panchli Khurd, Meerut
Corporate Office : 116-119, First Floor, Meerut Mall, Meerut
Contact : +91 9837043609, +91 9634559777 I vishwakarmagroup006@gmail.com


GUIDER
your writing partner
GUIDER NOTEBOOKS
AN EXCLUSIVE RANGE OF FINELY MANUFACTURED PAPER STATIONERY
CONVENT NOTEBOOKS
A4 NOTEBOOKS
LONG NOTEBOOKS
SPIRAL NOTEBOOKS
CRAFT SHEETS
HARD BOUND REGISTERS
COLOURED SHEETS
PUNCHED PAPER SHEETS
copisto
WRITONIC
www.guidernotebooks.com
Distribution Manager : +91-7534004443
GUIDER
SPORTS & EQUIPMENTS
BADMINTON RACKETS | CRICKET EQUIPMENTS
CARROM BOARDS | SHUTTLECOCKS | TENNIS BALLS
FOOTBALLS | GYM EQUIPMENTS | TOYS
AND ALL OTHER SPORTS EQUIPMENT MANUFACTURERS.
Shop o'guider!
FROM THE HOUSE OF
CHILDREN CHOICE
PUBLICATION PVT LTD
CHILDREN BOOKS | NOTEBOOKS | SPORTS
www.guidersports.com

# Glimpses of activates



## OUR SOCIAL ACCOUNTS




**This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….**

**Please Visit & Share Our Website**

**www.bsgup.org**



Like our FB Page
facebook.com/bsgup.org



Tweets @ BSGUP
twitter.com/bsgup



Follow our Instagram Page
instagram.com/bsgup official




Share & Subscribe our Youtube Channel
BSGUP Official

**BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH**
State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
Email : upscoutsguides@yahoo.com
For Magazine : itbsgup@gmail.com

**To,**